गुरु ही अशुद्ध मन शुद्ध करा दे।

तू तो है बनो का साथी गोविन्द राधे,
गुरु तो सदा सदा की बिगरी बना दे।

गुरु तो है माता सम गोविन्द राधे,
सुत को सजाके हरि गोद बिठा दे।

गुरु को बिठा दे उर गोविन्द राधे,
श्यामाश्याम अइहैं आपु गलबहियाँ दे।

हरि के अधीन जग गोविन्द राधे,
गुरु के अधीन हरि हरि ही बता दे।

हरि कृपा गुरु मिले गोविन्द राधे,
गुरु कृपा हरि मिले तत्त्व बता दे।

हरि चह गुरु सुख गोविन्द राधे,
गुरु चह हरि सुख तत्त्व बता दे।

हरि गुरु तनु दो है गोविन्द राधे,
पै भीतर दोउ एक बता दे।

गुरु सेवा हरि सेवा गोविन्द राधे,
दोनों ही हैं एक अस रसिक बता दे।

COPYRIGHT
RADHA GOVIND SAMITI

तुम भी मोहिं भूलो नहिं गोविन्द राधे,
मैं भी तोहिं भूलूँ नहिं ऐसी बना दे।

स्वामी सखा सुत पति गोविन्द राधे,
चार चार नाते तोसों कोई तो निभा दे।

भुक्ति मुक्ति डाकिनि गोविन्द राधे,
इनसे बचे जो सोई प्रेमी बता दे।

तेरे मेरे मिलन में गोविन्द राधे,
बाधा तेरी माया वाय सदा को भगा दे।

तू ही मेरा मैं भी तेरा गोविन्द राधे,
बीच में है माया वाय मारि भगा दे।

मैं भी तेरा मेरा तेरा गोविन्द राधे,
जनम जनम का भिखारी तोहिं का दे।

सुख के भिखारी सब गोविन्द राधे,
तू ही इक सुखदाता दे चाहे ना दे।

अभी भजु अभी भजु गोविन्द राधे,
जाने कब काल तेरा टिकट कटा दे।

पिछला बिगारा मैंने गोविन्द राधे,
अगला अकारण कृपा ते बना दे।

COPYRIGHT
RADHA GOVIND SAMITI

शरण शरण तेरी गोविन्द राधे,
प्यार करे चाहे पग ठुकरा दे।

दर्शन दे या ना दे गोविन्द राधे,
दर्शन हित नित रोना सिखा दे।

तेरा पर्दा योग माया गोविन्द राधे,
मेरा पर्दा माया दोनों पर्दा उठा दे।

तू तो बिनु कारण गोविन्द राधे,
भक्ति आदि साधना का नियम हटा दे।

तेरा तन भी है काला गोविन्द राधे,
मेरा मन भी है काला जोरी बना दे।

तू भी बड़ा चंचल गोविन्द राधे,
मेरा मन चंचल दोनों को लड़ा दे।

लेना काम देना प्रेम गोविन्द राधे,
लेना देना दोनों व्यापार बता दे,

रिद्धि सिद्धि निद्धि ना दे गोविन्द राधे,
गोपीजन जैसा गोपी प्रेम दिला दे।

तीनों तजु सातों तजु गोविन्द राधे,
ग्यारहवे में ग्यारहवों लगा दे।

COPYRIGHT RADHA GOVIND SAMITI

हरि मिट्टी जग घट गोविन्द राधे,
जग घट की है आदि अंत बता दे।

निराकार ब्रह्म मिट्टी गोविन्द राधे,
साकार ब्रह्म कृष्ण हीरा बता दे।

हरि भजें भक्तन गोविन्द राधे,
भक्त भजें हरि विधि बुधि भरमा दे।
कुसुम सरोवर गोविन्द राधे,
श्यामा श्याम लीला धाम रसिक बता दे।
कर्मी योगी ज्ञानी गोविन्द राधे,
कृष्ण प्रेमी ही है निष्काम बता दे।
ज्ञानी कहे सोऽहं सोऽहं गोविन्द राधे,
भक्त कहे ना ना पाछे 'दा' भी लगा दे।
कृष्ण भक्ति युक्त हो तो गोविन्द राधे,
श्वपच भी बोले जो तो शीश झुका दे।
कृष्ण भक्ति युक्त हो तो गोविन्द राधे,
शिशु भी बोले जो तो शीश झुका दे।
कृष्ण भक्ति हीन हो तो गोविन्द राधे,
ब्रह्मा भी बोले जो तो मुँह बिचका दे।
कृष्ण भक्ति हीन हो तो गोविन्द राधे,
जो भी कोई बोले वाय डाँटि भगा दे।
सोई पढ़ो सोई सुनो गोविन्द राधे,
जो तेरा कृष्ण प्रेम और बढ़ा दे।

COPYRIGHT RADHA GOVIND SAMITI

राधे बिनु श्याम आधे श्याम बिनु राधे,
चाहे कहु श्याम या 'कृपालु' कहु राधे॥

28

(प्यारी प्यारी भोरी भारी)

राधे राधे गोविन्द गोविन्द राधे,
राधे राधे गोविन्द गोविन्द राधे।
एक भिखारी आया तेरे धाम राधे,
माँगे गोपियों सा प्रेम दे चाहे ना दे।
कालि भजु कालि भजु जनि करु आगे,
जाने कब काल लाल झंडी दिखा दे।
तू तो रही सदा ते ही कृपामयी राधे,
हमरीहिं बेर कृपण काहे राधे।
COPYRIGHT
अब तो मैं तेरा पाछा छोड़ूँ नहिं राधे,
RADHA GOVIND SAMITI
कान खोल सुनु मैं हठीला शिशु राधे।
तू ही मेरी थी भी है भी रहेगी भी राधे,
पाछा छोड़ूँ नहिं चाहे चक्र चला दे।

जग हो कुपूत पै कुमाता न हो राधे,
शिशु माँ को जाने नहिं माँ ही जना दे।
तेरे तो हैं सब खरे खरे शिशु राधे,
खरों सँग खोटे को चला दे मेरी राधे।
मुझ से पतित यदि होते नहिं राधे,
तो किसे पावन करती बता दे।
माना मैं हूँ तेरा अति बुरा शिशु राधे,
तेरी कृपा बिनु भला हुआ कौन राधे।
तेरी दासी मारे नित तेरे शिशु राधे,
पास बैठी देखे तू है कैसी माता राधे।
हरि विमुखन सँग ना दे ना दे ना दे,
ब्रज रसिकन सँग नित्य दिला दे।
दुःख निवृत्ति नहिं माँगूँ मेरी राधे,
तेरे बिन एक पल कलप बना दे।
मेरे उर में तो नित रह मेरी राधे,
बाहर आके कभू झलक दिखा दे।
बिना पूछे मेरे उर गृह रह राधे,
दे दे किराया टुक झलक दिखा दे।

COPYRIGHT
RADHA GOVIND SAMITI

मैं हूँ मायाधीन तू है मायाधीश राधे,
माया को हटा दे मायातीत बना दे।
सब को लगी है माया डायिनी राधे,
नाम गाके ताली बजाके भगा दे।
ब्रज रस की इक बूँद पिला दे,
कहा घटि जाये तोरा प्रेम सुधा दे।
मन मनमानी करे माने नहिं राधे,
याको इक ब्रज रस बूँद पिला दे।
ब्रजरस की राधे शीशी बना दे,
वामें गौर श्याम रस भरि के पिला दे।
मैं हूँ मायाबद्ध पै न चाहूँ मुक्ति राधे,
मोको गोपी प्रेम बद्ध सदा को बना दे।
माँगे भीख दर दर तेरा शिशु राधे,
सीने से लगा ले कहा घटि जाये राधे।
सात स्वर्ग ना दे पाँच अपवर्ग ना दे,
एक बार ब्रजरस छकि के पिला दे।
तीनों ना दे मोहिं पाँचों ना दे,
इसके भी आगे जो है सोई दिला दे।

COPYRIGHT
RADHA GOVIND SAMITI

गोविन्दहुँ भज राधे राधे,
गोविन्द गोविन्द भजे श्री राधे।
कोऊ भजे गोविन्द कोऊ राधे,
दोनों बड़े भोले भजो गोविन्द राधे।
गोविन्द गोविन्द भजो कहें राधे,
गोविन्द भी कहें भजो राधे राधे।
राधे बिनु गोविन्द जानिये आधे,
गोविन्द बिनु जानो आधी राधे।
तुम तो भजो मन छिन छिन राधे,
भाजे अइहै गोविन्द सुनि नाम राधे।
नाम विख्यात 'कृपालु' मम राधे,
तू नाम को साँच साँचु करु राधे॥

29

RADHA GOVIND SAMITI

(प्यारी प्यारी भोरी भारी)

रस बरसाने वारी बरसाने वारी,
आँसू दै के लूटो बड़ी भोरी भारी प्यारी।

ये ही बरसाने महँ वेद दें बुहारी,
ये ही बरसाने रज महँ लोटीं प्यारी।
तू ही मेरी थी भी है भी रहेगी भी प्यारी,
तोको तजि जाऊँ कित नाम बता प्यारी।
मैं हूँ तेरा अति ही हठीला शिशु प्यारी,
तेरा पाछा छोड़ूँ नहिं जुग जुग प्यारी।
शरण शरण मैं तो शरण तिहारी,
सुधि लो हमारी नथबेसरवारी।
माना मैं पतित अति भानुदुलारी,
यामें तो है दोषी तेरी माया सुकुमारी।
माना मैं पतित अति हूँ तो तेरा प्यारी,
कान खोल सुनु पाछा छोड़ूँ नहिं प्यारी।
निर्मल मन माँगे तेरा बनवारी,
पतितन को है इक तेरा द्वार प्यारी।
शिशु तन मल धोये जग महतारी,
ऐसे पतितन मन मल धोये प्यारी।
बिनु कारण करुणा करें प्यारी,
याते पतितन तेरे द्वार भीड़ भारी।

COPYRIGHT RADHA GOVIND SAMITI

मोको तो भुलाया तेरी माया ने ही प्यारी,
तूने क्यों भुलाया मोहिं तू ही महतारी।
हम सब पतित ना माँगे कछु प्यारी,
बस पल को भी नहिं भूलूँ तोहिं प्यारी।
शिशु तो न जाने कौन माँ है मेरी प्यारी,
माँ ही तो बतावे मैं हूँ तेरी महतारी।
मैं भी तेरा शिशु तू ही मेरी महतारी,
टुक ब्रज रस को पिला दे मोहिं प्यारी।
सातों स्वर्ग पाँचों अपवर्ग ना दे प्यारी,
मेरी ओर लखि टुक मुस्कुरा दे प्यारी।
माना मैं बुरी हूँ किन्तु हूँ तो तेरी प्यारी,
तेरी कृपा बिनु कौन अच्छा बना प्यारी।
तुम भी मोहिं भूलो नहिं भानुदुलारी,
ऐसी कृपा करु मैं भी भूलूँ नहिं प्यारी।
तेरे बिनु जीना भी क्या जीना मम प्यारी,
दर्शन दे या ना दे रोना दे दे प्यारी।
बिना मोते पूछे रह मम उर प्यारी,
झलक दिखा दे तू किराया ना दे प्यारी।

COPYRIGHT RADHA GOVIND SAMITI

आजा चोरी चोरी मेरी भानुदुलारी,
उर में छुपालूँ कोऊ जाने नहिं प्यारी।
ऐसी कृपा करु वृषभानुदुलारी,
सारा जग दीखे मोहिं प्यारी प्यारी प्यारी।
जित देखूँ तित तू ही तू ही दीखे प्यारी,
तेरा नाम गाऊँ तेरा रूप ध्याऊँ प्यारी।
तू तो जग मोहन मन मोहे प्यारी,
मोहू मेरे मन को भी भानुदुलारी।
ब्रजरस बेचे प्यारी भानुदुलारी,
याको मोल अतिशय लालसा तिहारी।
तुम तो बुलाओ वृषभानुदुलारी,
बिनुहिं बुलाये भाजे अइहैं बनवारी।
प्यार करे या ठुकराये मोहिं प्यारी,
कान खोल सुन पाछा छोड़ूँ नहिं प्यारी।
प्रेम भिखारी हरि दाता मेरी प्यारी,
याने मोहे मदनहूँ वाय मोही प्यारी।
प्यारी जू के चरण पलोटें बनवारी,
सुखघन रोते ढूँढे कुंज कुंज प्यारी।

COPYRIGHT
RADHA GOVIND SAMITI

व्यापक हो के पूछें कहाँ गईं प्यारी,
ब्रह्म माँगे महल टहल दे दो प्यारी।
जैसे मोहिं बनवारी वैसे मोहिं प्यारी,
प्यारी बिनु पिय आधे पिय बिनु प्यारी।
पिय रूप आनंद प्रेम रूप प्यारी,
यद्यपि दोनों एक बीस लगें प्यारी।
जब जब मान करे बरसाने वारी,
फूटि फूटि रोवे सुखघन बनवारी।
गौर रस पिये पिय श्याम रस प्यारी,
श्याम गौर रस पिये धनि ब्रजनारी।
गौर रस पियें पिय श्याम रस प्यारी,
दोऊ रस पिये छकि छकि ब्रजनारी।
मेरी प्यारी जू की छवि एतिक प्यारी,
सिर नीचे करि लखें डरि बनवारी।
लखि प्यारी छवि गिरे भू पै बनवारी,
लखि सखि बोले जय हो जय हो जय हो प्यारी।
ललिता विशाखा जब चापैं पग प्यारी,
लखि लखि लार टपकायें बनवारी।

COPYRIGHT
RADHA GOVIND SAMITI

प्यारी को बुलावे आपु अइहैं बनवारी,
जब अइहैं पिय प्यारी अइहैं ब्रजनारी।
कहा कहूँ मेरी प्यारी केतिक प्यारी,
प्यारी हूँ निज छवि लखि वारी वारी।
प्यारी जू की प्यारी छवि एतिक प्यारी,
प्यारी जू की परछाईं लखें बनवारी।
मेरी प्यारी जू की छवि एतिक प्यारी,
लट्टू बने घूमें पाछे पाछे बनवारी।
ब्रजरस ही बनि गई छवि प्यारी,
याते नित नई नई लागे सुकुमारी।
जेहि मग चले मेरी प्यारी की सवारी,
प्रथमहिं देय बुहारी बनवारी।
जब जब निकसत प्यारी की सवारी,
पाछे चलि बोलें जय हो जय हो बनवारी।
सोरहो सिंगार करि बैठीं कुंज प्यारी,
सब सत्संगी बोलो जय हो जय हो प्यारी।
जाके डर डरें डर सोऊ बनवारी,
सोऊ सिट्टी पिट्टी भूलें लखि मान प्यारी।

COPYRIGHT RADHA GOVIND SAMITI

ब्रह्म माँगे महल टहल दे दो प्यारी,
प्यारी कृपा ते 'कृपालु' बने बनवारी।
बोलो जय हो बनवारी बोलो जय हो प्यारी,
दोनों हैं 'कृपालु' पै कृपालु पिय प्यारी।

30

(प्यारी प्यारी भोरी भारी)
रस बरसाने वारी, बरसाने वारी।
भोरी भारी प्यारी प्यारी, बरसाने वारी।
नथबेसर वारी, बरसाने वारी।
जय हो जय हो जय हो जय हो, बरसाने वारी।
आजा आजा सुकुमारी, बरसाने वारी।
आके कभू ना जा प्यारी, बरसाने वारी।
प्यारी ऊँचे महलन वारी, बरसाने वारी।
COPYRIGHT
ब्रजरस बरसाने वारी, बरसाने वारी।
RADHA GOVIND SAMITI
ब्रजरस चुवे तनु प्यारी, बरसाने वारी।
मादन रस वारी प्यारी, बरसाने वारी।
क्रंदन सुनि भाजै प्यारी, बरसाने वारी।

तू ही तो है मेरी प्यारी, बरसाने वारी।
मैं भी तो हूँ तेरी प्यारी, बरसाने वारी।
पाछा नहीं छोड़ूँ प्यारी, बरसाने वारी।
तेरा है भरोसा भारी, बरसाने वारी।
जापै वारी वारी बनवारी, बरसाने वारी।
तू तो है 'कृपालु' बिनु कारण प्यारी।
मैं तो ये ही गुन पर वारी वारी प्यारी॥

❀ ❀ ❀

करहु कृपा की कोर मोर गौर हरि,
चरण शरण लई तोर मोर गौर हरि।
रसिकन को सिरमोर मोर गौर हरि।
ब्रज बनितनि चित चोर मोर गौर हरि।

31

RADHA GOVIND SAMITI

(प्यारी प्यारी भोरी ...)

भुक्ति ना दे मुक्ति ना दे बैकुण्ठ ना दे,
प्रेम अगाधे राधे प्रेम सुधा दे।

भुक्ति ना दे मुक्ति ना दे बैकुण्ठ ना दे,
मैं कौन मेरा कौन यह समझा दे।
भुक्ति ना दे मुक्ति ना दे बैकुण्ठ ना दे,
गुरु सेवा में ही मेरा जनम बिता दे।
भुक्ति ना दे मुक्ति ना दे बैकुण्ठ ना दे,
हरि गुरु विमुखन संग ना दे ना दे।
भुक्ति ना दे मुक्ति ना दे बैकुण्ठ ना दे,
ब्रज रसिकन का ही संग दिला दे।
भुक्ति ना दे मुक्ति ना दे बैकुण्ठ ना दे,
तेरा सुख चाहूँ बस ऐसी बना दे।
भुक्ति ना दे मुक्ति ना दे बैकुण्ठ ना दे,
ब्रज रसिकन की सेवा दिला दे।
भुक्ति ना दे मुक्ति ना दे बैकुण्ठ ना दे,
काऊ गोपिका ते गोपी प्रेम दिला दे।
भुक्ति ना दे मुक्ति ना दे बैकुण्ठ ना दे,
अविरल प्रीति की रीति सिखा दे।
भुक्ति ना दे मुक्ति ना दे बैकुण्ठ ना दे,
देना है तो लेने वाली वासना मिटा दे।

COPYRIGHT
RADHA GOVIND SAMITI

भुक्ति ना दे मुक्ति ना दे बैकुण्ठ ना दे,
देना है तो देना देना मोहूँ सिखा दे।
भुक्ति ना दे मुक्ति ना दे बैकुण्ठ ना दे,
देना है तो दे ना मति माँगने की राधे।
भुक्ति ना दे मुक्ति ना दे बैकुण्ठ ना दे,
माया डाकिनी की ऐसी तैसी करा दे।
भुक्ति ना दे मुक्ति ना दे बैकुण्ठ ना दे,
कछु नहिं देना हो तो आके बता दे।
भुक्ति ना दे मुक्ति ना दे बैकुण्ठ ना दे,
हरि विमुखन संग ना दे ना दे ना दे।
भुक्ति ना दे मुक्ति ना दे बैकुण्ठ ना दे,
तेरे बिनु इक पल कलप बना दे।
भुक्ति ना दे मुक्ति ना दे बैकुण्ठ ना दे,
तेरी दासी दासी दासी बना दे।
भुक्ति ना दे मुक्ति ना दे बैकुण्ठ ना दे,
मेरी दासी कहि इक बार बुला दे।
भुक्ति ना दे मुक्ति ना दे बैकुण्ठ ना दे,
अपने महल की टहलिनी बना दे।

COPYRIGHT
RADHA GOVIND SAMITI

भुक्ति ना दे मुक्ति ना दे बैकुण्ठ ना दे,
चुटकी बजाऊँ जब जब जम्भुवा दे।
भुक्ति ना दे मुक्ति ना दे बैकुण्ठ ना दे,
मेरा सब ले ले इक बार मुस्कुरा दे।
भुक्ति ना दे मुक्ति ना दे बैकुण्ठ ना दे,
देना है तो ब्रजरस छकि के पिला दे।
भुक्ति ना दे मुक्ति ना दे बैकुण्ठ ना दे,
ब्रज रसिकन संग नित्य दिला दे।
भुक्ति ना दे मुक्ति ना दे बैकुण्ठ ना दे,
तोसों नहिं बोलूँ यह बोल सुना दे।
भुक्ति ना दे मुक्ति ना दे बैकुण्ठ ना दे,
दै के विरह मन शुद्ध करा दे।
भुक्ति ना दे मुक्ति ना दे बैकुण्ठ ना दे,
निज ब्रज गोपी ते प्रेम दिला दे।
भुक्ति ना दे मुक्ति ना दे बैकुण्ठ ना दे,
देना है तो गोपी पग रेनु दिला दे।
भुक्ति ना दे मुक्ति ना दे बैकुण्ठ ना दे,
मोको तो तू मनगढ़ वास दिला दे।

COPYRIGHT
RADHA GOVIND SAMITI

भुक्ति ना दे मुक्ति ना दे बैकुण्ठ ना दे,
श्री वृन्दावन वास दिला दे।
भुक्ति ना दे मुक्ति ना दे बैकुण्ठ ना दे,
सेवा कुंज की तरु लतन बना दे।
भुक्ति ना दे मुक्ति ना दे बैकुण्ठ ना दे,
निज ब्रज मोर चकोर बना दे।
भुक्ति ना दे मुक्ति ना दे बैकुण्ठ ना दे,
ब्रज की ताल तमाल बना दे।
भुक्ति ना दे मुक्ति ना दे बैकुण्ठ ना दे,
तहँ दूँ बुहारी जहँ रास करा दे।
भुक्ति ना दे मुक्ति ना दे बैकुण्ठ ना दे,
विजन डुलाने की सेवा दिला दे।
भुक्ति ना दे मुक्ति ना दे बैकुण्ठ ना दे,
पी को न आने दूँ जो तू आज्ञा दे।
भुक्ति ना दे मुक्ति ना दे बैकुण्ठ ना दे,
चँवर ढुरावुँ जब सजी धजी राजे।
भुक्ति ना दे मुक्ति ना दे बैकुण्ठ ना दे,
श्यामा पग पायल बिछुये बना दे।

COPYRIGHT RADHA GOVIND SAMITI

भुक्ति ना दे मुक्ति ना दे बैकुण्ठ ना दे,
कुंज भवन की पहरुआ बना दे।
भुक्ति ना दे मुक्ति ना दे बैकुण्ठ ना दे,
जेहि सर नहावे वाको सलिल बना दे।
भुक्ति ना दे मुक्ति ना दे बैकुण्ठ ना दे,
सपने में ही आके झलक दिखा दे।
भुक्ति ना दे मुक्ति ना दे बैकुण्ठ ना दे,
मुख न दिखाये जो तो चरण दिखा दे।
भुक्ति ना दे मुक्ति ना दे बैकुण्ठ ना दे,
तेरी रुचि महँ मेरी रुचि को बना दे।
भुक्ति ना दे मुक्ति ना दे बैकुण्ठ ना दे,
तेरी इच्छा महँ मेरी इच्छा बना दे।
भुक्ति ना दे मुक्ति ना दे बैकुण्ठ ना दे,
तेरे सुख में ही सुखी होना सिखा दे।
COPYRIGHT
गलबँहियाँ दै के झाँकी दिखा दे।
RADHA GOVIND SAMITI
भुक्ति ना दे मुक्ति ना दे बैकुण्ठ ना दे,
मेरी ओर लखि दृग बान चला दे।
भुक्ति ना दे मुक्ति ना दे बैकुण्ठ ना दे,
इक बार प्यारी कहि मोहिं बुला दे।

भुक्ति ना दे मुक्ति ना दे बैकुण्ठ ना दे,
आना ना हो तो यह आके बता दे।
भुक्ति ना दे मुक्ति ना दे बैकुण्ठ ना दे,
मोते प्यार भाये न तो मार लगा दे।
भुक्ति ना दे मुक्ति ना दे बैकुण्ठ ना दे,
पतित 'कृपालु' को रोना सिखा दे॥

32

(प्यारी प्यारी भोरी ...)

मेरी राधेरानी प्रेम रूप रस खानी,
सब मिलि बोलो जय हो जय हो राधेरानी।
मेरी राधेरानी प्रेम रूप रस खानी,
जाकी कोटि कमला भवानी नौकरानी।
मेरी राधेरानी प्रेम रूप रस खानी,
आँसू दै के लूटो बड़ी भोरी राधेरानी।
मेरी राधेरानी प्रेम रूप रस खानी,
मेरी राधेरानी जैसी मेरी राधेरानी।
मेरी राधेरानी प्रेम रूप रस खानी,
जाके डर डरें पूर्ण ब्रह्म चक्रपानी।

COPYRIGHT
RADHA GOVIND SAMITI

मेरी राधेरानी प्रेम रूप रस खानी,
जाके पाछे पाछे डोलें सारंगपानी।
मेरी राधेरानी प्रेम रूप रस खानी,
विहरति नित वृन्दावन रजधानी।
मेरी राधेरानी प्रेम रूप रस खानी,
प्रेम भिखारी है 'कृपालु' राधेरानी।।

33

(प्यारी प्यारी भोरी ...)

रस बरसाने वारी बरसाने वारी,
जय हो जय हो जय हो वृषभानुदुलारी।
रस बरसाने वारी बरसाने वारी,
इक बूँद रस की पिला दे मोहिं प्यारी।
रस बरसाने वारी बरसाने वारी,
COPYRIGHT
चाहे अपनाये चाहे ठुकराये प्यारी।
RADHA GOVIND SAMITI
रस बरसाने वारी बरसाने वारी,
तू ही मेरी थी भी है भी रहेगी भी प्यारी।
रस बरसाने वारी बरसाने वारी,
तेरे बिनु जीना भी क्या जीना मेरी प्यारी।

रस बरसाने वारी बरसाने वारी,
दे दो आँसू ले लो प्रेम बड़ी भोरी प्यारी।
रस बरसाने वारी बरसाने वारी,
यदि नहिं आये तो बुला ले मोहिं प्यारी।
रस बरसाने वारी बरसाने वारी,
चुटकी बजाऊँ जब जम्भुवाओ प्यारी।
रस बरसाने वारी बरसाने वारी,
हेरो मेरे 'कृपालु' ढ़िग कृपामयी प्यारी॥

34

(प्यारी प्यारी भोरी भारी ...)

दीनबन्धु दीनानाथ गोविन्द राधे,
मेरे प्राण वल्लभ गोविन्द राधे।
गोपीजन वल्लभ गोविन्द राधे,
मेरे जीवन धन गोविन्द राधे।
ब्रज रस अम्बुधि गोविन्द राधे,
प्रेम सुधा निधि गोविन्द राधे।
मेरे दोऊ ठाकुर गोविन्द राधे,
रसिक मुकुट मणि गोविन्द राधे।

COPYRIGHT
RADHA GOVIND SAMITI

रसिक जनन धन गोविन्द राधे,
ब्रजरस मूरति गोविन्द राधे।
गोविन्द बोले नित राधे राधे राधे,
गोविन्द गोविन्द बोले नित राधे।
ब्रज गोपी बोलें नित गोविन्द राधे,
हम बोलें नित गोपी गोविन्द राधे।
गोविन्द रोम रोम बोले नाम राधे,
गोविन्द नाम बोले रोम रोम राधे।
ब्रज की लता पता भी बोले राधे राधे,
ब्रज के चकोर मोर बोले राधे राधे।
भुक्ति मुक्ति माँगूँ नहिं गोविन्द राधे,
बैकुण्ठ माँगूँ नहिं गोविन्द राधे।
रिद्धि सिद्धि माँगूँ नहिं गोविन्द राधे,
पाँचों मुक्ति माँगूँ नहिं गोविन्द राधे।
COPYRIGHT
सातों स्वर्ग माँगूँ नहिं गोविन्द राधे,
RADHA GOVIND SAMITI
तेरा सुख माँगूँ नित गोविन्द राधे।
तू ही तो है मेरा स्वामी गोविन्द राधे,
तू ही तो है मेरा सखा गोविन्द राधे।

तू ही तो है मेरा सुत गोविन्द राधे,
तू ही तो है मेरा पिय गोविन्द राधे।
तू ही तो है मेरी गति गोविन्द राधे,
तू ही तो है मेरा धन गोविन्द राधे।
तोहिं तजि जाऊँ कित गोविन्द राधे,
पतितन सुनै कौन गोविन्द राधे।
तू ही मेरा मैं भी तेरा गोविन्द राधे,
झलक दिखा दे टुक गोविन्द राधे।
'रा' को सुनि घूरे श्याम गोविन्द राधे,
'धे' को सुनि भाजे ढिग जो भी बोले राधे।
दीनबन्धु दीनानाथ गोविन्द राधे,
सुन लो 'कृपालु' की भी गोविन्द राधे।।

35

COPYRIGHT

(प्यारी प्यारी भोरी भारी ...)

RADHA GOVIND SAMITI

रस बरसाने वारी बरसाने वारी,
सब मिलि बोलो जय हो, जय हो जय हो प्यारी।
आजा आजा मेरी प्यारी प्यारी महतारी,
तेरे पाछे भाजे भाजे अइहैं बनवारी।

तू ही मेरी थी भी है भी रहेगी भी प्यारी,
एक बार झलक दिखा दे महतारी।
तेरा पर्दा योगमाया बरसाने वारी,
मेरा पर्दा माया कैसे मिलूँ महतारी।
माना मैं पतित अति बरसाने वारी,
तू भी पतित पावनि महतारी।
तेरा तो है तन मन कृपा का ही प्यारी,
करि दे 'कृपालु' पै भी कृपा महतारी।

36

(धुन :– प्यारी प्यारी भोरी भारी)
आजा आजा आजा मेरे गोविन्द राधे,
रँगीली महल आके दरस दिखा दे।
आजा आजा आजा मेरे गोविन्द राधे,
शिशु बनि रोने का शब्द सुना दे।
आजा आजा आजा मेरे गोविन्द राधे,
जग शिशु जनु शिशु बनि के दिखा दे।
आजा आजा आजा मेरे गोविन्द राधे,
शुद्ध बुद्ध ब्रह्म बुद्धू बनि के दिखा दे।

COPYRIGHT
RADHA GOVIND SAMITI

आजा आजा आजा मेरे गोविन्द राधे,
निज नीरस ब्रज सरस बना दे।
आजा आजा आजा मेरे गोविन्द राधे,
ब्रज नहिं तजिहौ वादा निभा दे।
आजा आजा आजा मेरे गोविन्द राधे,
आजा पुनि मुरली की तान सुना दे।
आजा आजा आजा मेरे गोविन्द राधे,
आजा मोहिं साँचो 'कृपालु' बना दे।।

❀ ❀ ❀

राधे राधे माधव माधव राधे,
माधव राधे राधे, राधे राधे माधव।
राधे कृष्ण राधे कृष्ण राधे कृष्ण राधे,
राधे बिनु कृष्ण आधे कृष्ण बिनु राधे।
सोते सोते बोलें श्याम रोम रोम राधे,
COPYRIGHT
सोती बोलें श्याम श्याम रोम रोम राधे।
RADHA GOVIND SAMITI
सोती सोती बोलें गोपीजन श्याम राधे,
हम भी बोलें जय जय गोपीजन श्याम राधे।

❀ ❀ ❀

जय जय भानुनंदिनी जय जय नँदनन्दन,
जय जय ब्रज गोपी जन जय जय श्री वृन्दावन।
जय जय श्यामा जय जय श्याम जय जय ब्रजधाम,
जय जय ब्रजबाम जय जय प्रेम निष्काम।
जय जय श्यामा जय जय श्याम जय जय ब्रजबाम,
तीनों मिलि रास करें वृन्दावन धाम।
जय जय श्यामा जय जय श्याम जय जय ब्रजबाम,
जय जय लीला धाम श्री वृन्दावन धाम।
श्यामा श्याम नाम रूप लीला गुण धाम,
ब्रजबाम सब एक भिन्न भिन्न नाम।

❀❀❀

जय जय मेरे गुरुवर, जय जय मेरे गिरिधर।
आया तेरे दर पर, मोहूँ पै कृपा कर।

❀❀❀

COPYRIGHT
RADHA GOVIND SAMITI

ठाकुरहूँ की ठकुरानी राधेरानी,
विहरति नित वृन्दावन रजधानी।
ठाकुरहूँ की ठकुरानी राधेरानी,
ब्रह्माणी रुद्राणी वाणी की भी महरानी।

ठाकुरहूँ की ठकुरानी राधेरानी,
जाके पाछे पाछे डोलें साराँगपानी।
ठाकुरहूँ की ठकुरानी राधेरानी,
कोटि कमला भवानी जाकी नौकरानी।

37

(राधे राधे गोविन्दा। भज ले मति मन्दा . . .)
मेरी बरसाने वारी, प्यारी बरसाने वारी।
रस बरसाने वारी, प्यारी बरसाने वारी।
रँगीली महलवारी, प्यारी बरसाने वारी।
प्यारी प्यारी भोरी भारी, प्यारी बरसाने वारी।
भानु दुलारी प्यारी, प्यारी बरसाने वारी।
कीर्ति कुमारी प्यारी, प्यारी बरसाने वारी।
ऊँचे महलन वारी, प्यारी बरसाने वारी।
ब्रजरस वारी प्यारी, प्यारी बरसाने वारी।
मादन रस वारी, प्यारी बरसाने वारी।
सोरहो सिंगार वारी, प्यारी बरसाने वारी।
कनक वरन प्यारी, प्यारी बरसाने वारी।
कनक मुकुट प्यारी, प्यारी बरसाने वारी।

COPYRIGHT
RADHA GOVIND SAMITI

चूनरि वारी प्यारी, प्यारी बरसाने वारी।
नील वसन वारी, प्यारी बरसाने वारी।
वेणी घुँघुरारी कारी, प्यारी बरसाने वारी।
दृग काजर वारी, प्यारी बरसाने वारी।
नथ बेसर वारी, प्यारी बरसाने वारी।
श्रुति कुण्डल वारी, प्यारी बरसाने वारी।
कंचुकि अरुणारी, प्यारी बरसाने वारी।
गर दुलरी वारी, प्यारी बरसाने वारी।
गर तिलरी वारी, प्यारी बरसाने वारी।
कर चूरिन वारी, प्यारी बरसाने वारी।
कर कंकण वारी, प्यारी बरसाने वारी।
मणि मुँदरिन वारी, प्यारी बरसाने वारी।
कर मेहँदी वारी, प्यारी बरसाने वारी।
कटि किंकिणि वारी, प्यारी बरसाने वारी।
पग पायल वारी, प्यारी बरसाने वारी।
मणि बिछुवनि वारी, प्यारी बरसाने वारी।
पग जावक वारी, प्यारी बरसाने वारी।
पिय बोलें लखि प्यारी, प्यारी बरसाने वारी।

COPYRIGHT
RADHA GOVIND SAMITI

बनवारी वारी वारी, प्यारी बरसाने वारी।
पिय बोलें बलिहारी, प्यारी बरसाने वारी।
मोहें अस भोरी भारी, प्यारी बरसाने वारी।
काला टीका माथे प्यारी, प्यारी बरसाने वारी।
सरल कृपालु प्यारी, प्यारी बरसाने वारी।
मति 'कृपालु' वारी, प्यारी बरसाने वारी।।

महरानी राधेरानी, महरानी राधेरानी।
वृंदावन ठकुरानी, महरानी राधेरानी।
ब्रजरस वरदानी, महरानी राधेरानी।
हरि स्वामिनि मानी, महरानी राधेरानी।
महरानीहूँ की रानी, महरानी राधेरानी।
हरि कर अगवानी, महरानी राधेरानी।

COPYRIGHT

38

RADHA GOVIND SAMITI

(राधे राधे गोविन्दा - 2)

प्यारी प्यारी भोरी भारी, प्यारी बरसाने वारी।
आजा मेरे उर प्यारी, तहँ मिलेंगे बनवारी।

प्यारी छवि लखि प्यारी, आपु जाय वारी वारी।
प्यारी बरसाने वारी, प्यारी बरसाने वारी।
मेरी बरसाने वारी, प्यारी प्यारी भोरी भारी।
नथवारी सुकुमारी, ऊँचे महलन वारी।
मादन रस वारी, तोपै बनवारी वारी।
मेरो प्राण बनवारी, बनवारी प्राण प्यारी।
जय हो जय हो बनवारी, जय हो जय हो जय हो प्यारी।
प्यारी ध्यावें बनवारी, बनवारी ध्यावें प्यारी।
बड़भागी नर नारी, ध्यावें बनवारी प्यारी।
मेरी प्यारी ऐसी प्यारी, पाछे डोलें बनवारी।
मेरी प्यारी ऐसी प्यारी, लट्टू बने बनवारी।
लखि प्यारी असवारी, पिय बोलें जय हो प्यारी।
अति ही 'कृपालु' प्यारी सब बोलो जय जय प्यारी॥

39

RADHA GOVIND SAMITI

रस बरसाने वारी, प्यारी बरसाने वारी।
मेरी प्यारी प्यारी प्यारी, प्यारी बरसाने वारी।
प्यारी प्यारी भोरी भारी, प्यारी बरसाने वारी।
भोरी भारी सुकुमारी, प्यारी बरसाने वारी।

ब्रजरस वारी प्यारी, प्यारी बरसाने वारी।
वृषभानुदुलारी प्यारी, प्यारी बरसाने वारी।
बलिहारी बलिहारी, प्यारी बरसाने वारी।
मैं तो तेरी ही हूँ प्यारी, प्यारी बरसाने वारी।
तू ही तो है मेरी प्यारी, प्यारी बरसाने वारी।
दे दे गोपी प्रेम प्यारी, प्यारी बरसाने वारी।
तेरी सेवा माँगूँ प्यारी, प्यारी बरसाने वारी।
मेरी प्रानन प्यारी, प्यारी बरसाने वारी।
रसिकन धन प्यारी, प्यारी बरसाने वारी।
मादन रस वारी, प्यारी बरसाने वारी।
अब सुधि लो हमारी, प्यारी बरसाने वारी।
जय हो, जय हो, जय हो प्यारी, प्यारी बरसाने वारी।
मैं तो तेरी चेरी प्यारी, प्यारी बरसाने वारी।
मैं तो तोपै वारी वारी, प्यारी बरसाने वारी।
मैं तो तोरी नथवारी, प्यारी बरसाने वारी।
ऊँचे महलन वारी, प्यारी बरसाने वारी।
जापै वारी बनवारी, प्यारी बरसाने वारी।
मैं तो शरण तिहारी प्यारी, बरसाने वारी।
मेरी गति तू ही प्यारी, प्यारी बरसाने वारी।

COPYRIGHT
RADHA GOVIND SAMITI

मेरी मति तू ही प्यारी, प्यारी बरसाने वारी।
मेरी रति तू ही प्यारी, प्यारी बरसाने वारी।
अपनी बना ले प्यारी, प्यारी बरसाने वारी।
नित नई नई प्यारी, प्यारी बरसाने वारी।
पाछा नहिं छोड़ूँ प्यारी, प्यारी बरसाने वारी।
मेरी गति तू ही प्यारी, प्यारी बरसाने वारी।
तू तो प्यारे ते भी प्यारी, प्यारी बरसाने वारी।
पिय चित्त चोरी चोरी, प्यारी बरसाने वारी।
अस प्यारी प्यारी प्यारी, प्यारी बरसाने वारी।
बलिहारी तेरी प्यारी, प्यारी बरसाने वारी।
आजा आजा आजा प्यारी, प्यारी बरसाने वारी।
आके ना जा मेरी प्यारी, प्यारी बरसाने वारी।
गोरी गोरी भोरी भारी, प्यारी बरसाने वारी।
सिर पै मुकुट प्यारी, प्यारी बरसाने वारी।
घुँघरारी लट प्यारी, प्यारी बरसाने वारी।
सिर सेंदुर वारी, प्यारी बरसाने वारी।
दृग काजर प्यारी, प्यारी बरसाने वारी।
श्रुति कुण्डल प्यारी, प्यारी बरसाने वारी।
गल दुलरी वारी, प्यारी बरसाने वारी।

COPYRIGHT
RADHA GOVIND SAMITI

गल तिलरी वारी, प्यारी बरसाने वारी।
उर कंचुकि वारी, प्यारी बरसाने वारी।
नीली सारी वारी प्यारी, प्यारी बरसाने वारी।
कर चूरिन वारी, प्यारी बरसाने वारी।
कर कंकन वारी, प्यारी बरसाने वारी।
नथ बेसर वारी, प्यारी बरसाने वारी।
कर मेहँदी प्यारी, प्यारी बरसाने वारी।
मुँदरिन वारी प्यारी, प्यारी बरसाने वारी।
कटि किंकिनि प्यारी, प्यारी बरसाने वारी।
पग पायल प्यारी, प्यारी बरसाने वारी।
पग जावक प्यारी, प्यारी बरसाने वारी।
बिछुवनि वारी प्यारी, प्यारी बरसाने वारी।
प्यारी पर वारी प्यारी, प्यारी बरसाने वारी।
प्यारी सम प्यारी प्यारी, प्यारी बरसाने वारी।
है 'कृपालु' अति प्यारी, प्यारी बरसाने वारी।।

COPYRIGHT
RADHA GOVIND SAMITI

40

(रस बरसाने वारी)

प्रेम रूप रस खानी, ऐसी राधेरानी।
वृंदावन महरानी, ऐसी राधेरानी।
शिव बने हैं शिवानी, ऐसी राधेरानी।
हरि हूँ की ठकुरानी, ऐसी राधेरानी।
पाछे डोले चक्रपाणी, ऐसी राधेरानी।
ब्रह्म करे अगवानी, ऐसी राधेरानी।
बड़ी अवढर दानी, ऐसी राधेरानी।
कोटि रमा नौकरानी, ऐसी राधेरानी।
करे नित मनमानी, ऐसी राधेरानी।
दिव्य ब्रज रस खानी, ऐसी राधेरानी।
हौं 'कृपालु' भी दीवानी, ऐसी राधेरानी।।

COPYRIGHT
RADHA GOVIND SAMITI

41

(कुंज कदंबनि डार . . .)

राधे राधे बोल श्याम भाजे चले आयेंगे।
एक बार आ गये तो कभू नहिं जायेंगे।

सात स्वर्ग पाँच अपवर्ग ठुकरायेंगे।
बैकुण्ठ की भी कामना ना उर लायेंगे।
प्रियतम के सुख में ही सुख पायेंगे।
ब्रजरस में ही नित मन को डुबायेंगे।
रमा रमापति को भी उर ना बसायेंगे।
पिय ठुकरावें हम प्यार किये जायेंगे।
पिय कभु जनि आवें हम रोये जायेंगे।
पिय नहिं आयेंगे तो प्यारी को बुलायेंगे।
प्यारी जब आयेंगी तो प्यारे भाजे आयेंगे।
प्रेम मगन तनु सुधि बिसरायेंगे।
कभू तो हँसेंगे कभू आँसू बहायेंगे।
राधेजू के गुनगन मुरलि में गायेंगे।
राधेजू की छवि लखि बलि बलि जायेंगे।
'जय हो' 'जय हो' कहि कहि भुजन उठायेंगे।
दोउ दृग आनंद जल बरसायेंगे।
राधे नाम लै के मुरछित ह्वै जायेंगे।
राधा भाव गहि श्याम 'श्याम-श्याम' गायेंगे।
हम तो 'कृपालु' राधे श्याम नाम गायेंगे।।

COPYRIGHT
RADHA GOVIND SAMITI

42

(कुंज कदंबनि डार . . .)

मेरी राधेरानी ठाकुरहूँ की ठकुरानी।
मेरी राधेरानी महरानीहुँ की महरानी।
मेरी राधेरानी प्रेम रूप ब्रजरस खानी।
मेरी राधेरानी ब्रजरानी अवढर दानी।
मेरी राधेरानी की दिवानी वानी रुद्रानी।
मेरी राधेरानी जू की वृंदावन रजधानी।
मेरी राधेरानी सारे ब्रज की हैं ठकुरानी।
मेरी राधेरानी जू की करें हरि अगवानी।
मेरी राधेरानी सम दानी मेरी राधारानी।
मेरी राधेरानी मेरी ठकुरानी अब जानी।
मेरी राधेरानी अंश कोटि कमला भवानी।
मेरी राधेरानी जू के पग चापैं चक्रपानी।
मेरी राधेरानी सी 'कृपालु' मेरी राधारानी।।

COPYRIGHT
RADHA GOVIND SAMITI

43

(कुंज कदंबनि डार . . .)

मेरी बरसाने वारी प्यारी प्यारी प्यारी,
मेरी ब्रजरस वारी भानुदुलारी।
रस बरसाने वारी बरसाने वारी,
प्यारी प्यारी भोरी भारी भानुदुलारी।
वारी वारी रँगीली महल वारी प्यारी,
जय हो जय हो नथ बेसरवारी प्यारी।
प्रेमनिधि, छविनिधि, रसनिधि प्यारी,
नथवारी, भोरी भारी सुकुमारी प्यारी।
वारी वारी वारी छवि कुंजबिहारी,
मेरे तो हैं ठाकुर, छैल बिहारी।
कोऊ भजें ब्रह्म कोऊ भजें बनवारी।
मैं तो भजूँ प्यारी प्यारी बरसाने वारी।
मेरी तो हैं ठकुरानी नथवारी प्यारी,
मेरे तो 'कृपालु' दोनों प्यारो अरु प्यारी।।

COPYRIGHT RADHA GOVIND SAMITI

44

(कुंज कदंबनि डार)

राधे राधे गोविन्द गोविन्द राधे।
राधे राधे तुम भी मोहिं भूलो नहिं राधे,
राधे राधे मैं भी नहिं भूलूँ पल आधे।
राधे राधे भुक्ति मुक्ति बैकुण्ठ ना दे,
राधे राधे निज जन की सेवा दे।
राधे राधे मेरा सब कुछ तेरा राधे,
राधे राधे सदा का भिखारी तोहिं का दे।
राधे राधे सातों स्वर्ग पाँचों मुक्ति ना दे,
राधे राधे ब्रजरस छकि के पिला दे।
राधे राधे छोड़ूँ नहिं पाछा तेरा राधे,
राधे राधे चाहे मोपै चक्र चला दे।
राधे राधे नाम ही का हूँ 'कृपालु' राधे,
राधे राधे कृपा करि साँचु बना दे।।

COPYRIGHT
RADHA GOVIND SAMITI

45

(कुंज कदंबनि डार)

प्यारी प्यारी भोरी भारी बरसाने वारी प्यारी
तोपै बलिहारी बलिहारी बलिहारी प्यारी।
तू ही मेरी गति मति रति सुकुमारी प्यारी,
पाछा नहिं छोड़ूँ अपनाये चाहे मारे प्यारी।
तू तो बिनु कारण कृपा करे नित प्यारी,
कभु अपनावोगी भरोसा भारी उर प्यारी।
शिशु नवजात न जाने निज माँ को प्यारी,
माँ ही तो जनावे वाय मैं ही तेरी माँ हूँ प्यारी।
शरण शरण मैं तो शरण तिहारी प्यारी,
जय हो जय हो जय हो बरसाने वारी प्यारी प्यारी।
मेरी ऐसी भोरी भारी भानुदुलारी प्यारी,
जापै जायँ पूर्ण ब्रह्म बनवारी वारी वारी।
जापै जग वारी सोउ बनवारी वारी प्यारी,
कहँ लौ कह तोपै तू भी जायँ वारी वारी।
जब जब निकसत ब्रज में सवारी प्यारी,
पाछे चलि बनवारी बोले जय हो जय हो प्यारी।

COPYRIGHT
RADHA GOVIND SAMITI

सोरहो सिंगार करि बैठे जब नथवारी,
पिय लखें इकटक बोले बलिहारी प्यारी।
नज़र लगे ना पी की मेरी भोरी भारी प्यारी,
देयँ ''कृपालु'' दौरी काला टीका माथे प्यारी।।

46

(कुंज कदंबनि डार)

प्यारी प्यारी भोरी भारी प्यारी बरसाने वारी,
रस बरसाने वारी प्यारी बरसाने वारी।
तू ही मेरी गति मति प्यारी बरसाने वारी,
दे दे मोहि महल टहल बरसाने वारी।
पाछा नहिं छोड़ू तेरा प्यारी बरसाने वारी,
प्यार करे या मारे प्यारी बरसाने वारी।
बड़ी आस लै के आई प्यारी बरसाने वारी,
दे दे या दिला दे प्रेम प्यारी बरसाने वारी।
झोली नहिं लाई संग प्यारी बरसाने वारी,
झोली भी दे भर भी दे प्यारी बरसाने वारी।

COPYRIGHT
RADHA GOVIND SAMITI

दर्शन दे या ना दे प्यारी बरसाने वारी,
दर्शन प्यास बढ़ा दे बरसाने वारी।
नाम को 'कृपालु' मैं भी प्यारी बरसाने वारी,
याको प्यारी साँचु बना दे बरसाने वारी।।

47

(जय जय राधारमणा . . .)

मेरी राधारानी राधारानी राधारानी,
मेरी राधारानी राधारानी राधारानी।
मेरी ठकुरानी महरानी राधारानी,
ठाकुरहूँ की ठकुरानी राधारानी।
कोटि उमा रमा सरस्वति नौकरानी,
ऐसी ठकुरानी महरानी राधारानी।
बोलो राधारानी राधारानी राधारानी,
भाजे भाजे अइहैं आपु साराँगपानी।
बोलो राधारानी राधारानी राधारानी,
तेरी रक्षा करें चक्र लैके चक्रपानी।
महरानीहुँ की महरानी राधारानी,
जाकी विधि हरि हर करें अगवानी।

COPYRIGHT
RADHA GOVIND SAMITI

मेरी राधारानी प्रेम रूप रस खानी,
विहरति वृंदावन रजधानी।
गुरु श्री 'कृपालु' हौं अव जानी,
मेरी गति मति रति तू ही राधारानी।।

48

(जय जय राधारमणा . . .)

मेरी प्यारी प्यारी बरसानेवारी प्यारी,
मेरी भानुदुलारी महलन वारी।
मेरी ब्रजरस वारी प्यारी,
मेरी गति मति बरसाने वारी प्यारी।
मेरी ऐसी प्यारी बरसाने वारी प्यारी,
जाके पाछे पाछे डोलें ब्रह्म बनवारी।
जब जब चले प्यारी जू की असवारी,
पाछे चलि बोलें जय हो, जय हो, बनवारी।
मेरी ब्रजरस बरसाने वारी प्यारी,
जाके पग चापैं पूर्ण ब्रह्म बनवारी।
जब सोरहो सिंगार करें मेरी प्यारी,
माथे काला टीका देंय ब्रह्म बनवारी।

COPYRIGHT
RADHA GOVIND SAMITI

जब प्यारीजू के पग चापैं ब्रजनारी,
लखि ललचायें कर मीजैं बनवारी।
आगे आगे प्यारी चलें पाछे ब्रजनारी,
वाके पाछे पिय चलें बोलें 'जय हो' प्यारी।
जित प्यारी जू पधारें सँग ब्रजनारी,
तित पहले ही दें बुहारी बनवारी।
सब जीवन जीवन वनवारी,
उन वनवारी हुँ कि जीवन प्यारी।
सिंहासन पर बैठे जब प्यारी,
चँवर ढुरावें तब ब्रह्म वनवारी।
जहँ जहँ चरण धरत चल प्यारी,
तहँ तहँ चूमत चल वनवारी।
एक बार बोलो सब जय हो वनवारी,
बार बार बोलो सब जय हो जय हो प्यारी।
जब कोई बोले बोलो जय हो वनवारी,
तब पिय बोले बोलो जय 'कृपालु' प्यारी।।

COPYRIGHT
RADHA GOVIND SAMITI

49

(जय जय राधारमणा . . .)

मेरी राधारानी राधारानी राधारानी,
मेरी ठकुरानी महरानी राधारानी।
मेरी राधारानी राधारानी राधारानी,
मेरी प्रेमरूपरसखानी राधारानी।
मेरी राधारानी राधारानी राधारानी,
विहरति नित वृंदावन रजधानी।
मेरी राधारानी राधारानी राधारानी,
प्रेम का भिखारी ब्रह्म दाता राधारानी।
मेरी राधारानी राधारानी राधारानी,
मेरी गति मति रति एक राधारानी।
मेरी राधारानी राधारानी राधारानी,
मैं तो राधारानी की हूँ मेरी राधारानी।
मेरी राधारानी राधारानी राधारानी,
गुरु ने जनाई जानी मेरी राधारानी
मेरी राधारानी राधारानी राधारानी,
शिशु बनि रोके ले लो मोल राधारानी,

COPYRIGHT
RADHA GOVIND SAMITI

मेरी राधारानी राधारानी राधारानी,
आँसू दे 'कृपालु' ले लो भोरी राधारानी।।

50

(जय नँदनंदन सुखधाम . . .)

राधेरानी ठकुरानी ब्रजरस खानी,
राधेरानी ठकुरानी ब्रजरस खानी।
मेरी राधारानी सम मेरी राधारानी,
मेरी राधारानी सम मेरी राधारानी।
मेरी राधारानी सम दानी राधारानी,
मेरी राधारानी सम दानी राधारानी।
राधारानी ठाकुरहुँ की ठकुरानी,
राधारानी ठाकुरहुँ की ठकुरानी।
मेरो ठाकुर ठाकुर ठकुरानी,
मेरो ठाकुर ठाकुर ठकुरानी।
विहरत ब्रज ठाकुर ठकुरानी,
विहरत ब्रज ठाकुर ठकुरानी।
राधेरानी महरानिहुँ की महरानी,
राधेरानी महरानिहुँ की महरानी।

COPYRIGHT
RADHA GOVIND SAMITI

तुम भी मोहिं भूलो नहिं मेरी राधारानी,
मैं भी तोहिं भूलूँ नहिं मेरी राधारानी।
जग के ठाकुर की ठकुरानी,
हैं 'कृपालु' राधारानी ब्रजरस खानी।।

51

मेरी ठकुरानी महरानी राधारानी।
ब्रजरानी राधे रानी अवढर दानी,
ब्रजरस बरसावति राधे रानी।
मेरी ऐसी राधे रानी ब्रजरस खानी,
ब्रज रस बरसावत रजधानी।
मेरी राधा रानी प्रेम रूप रस खानी,
राधारानी राजें वृन्दावन रजधानी।
जय हो, जय हो, जय 'कृपालु' जय हो, राधारानी,
जाकी ब्रह्म श्यामहूँ करें अगवानी।।

COPYRIGHT
RADHA GOVIND SAMITI

52

(जय नँदनंदन . . .)

मेरी प्यारी प्यारी बरसाने वारी प्यारी,
मेरी ब्रजरस बरसाने वारी प्यारी।
मेरी रँगीली महलवारी सुकुमारी।
प्यारी भोरी भारी नथबेसर वारी,
हैं रँगीली प्यारी रँगीली महलवारी।
जय हो जय हो जय हो बरसाने वारी प्यारी,
जय हो जय हो जय हो रँगीली महल वारी।
हैं रँगीली प्यारी रँगीली महलवारी,
मेरी प्यारी ऊँचे महल अटावारी।
मेरी प्यारी बरसाने वारी भोरी भारी,
मेरी भानुदुलारी ब्रजरसवारी।
मेरी प्यारी प्यारी चूनरिवारी प्यारी,
जापर नित वारी वारी बनवारी।
जब चले मेरी प्यारी जू की असवारी,
पाछे चलि जय हो, जय हो बोले बनवारी।

COPYRIGHT
RADHA GOVIND SAMITI

जब सोरहो सिंगार करें मेरी प्यारी,
लखि हाय प्यारी! कहि गिरें बनवारी।
जब सजि धजि बैठें सखि बिच प्यारी,
लखि बनवारी बोले प्यारी बलिहारी।
मेरी प्यारीजू की छवि ऐसी प्यारी,
जेहि लखि प्यारिहुँ वारी वारी वारी।
जब ललिता विशाखा चापैं पग प्यारी,
ललचाय 'कृपालु' ठाढ़ो बनवारी।।

53

(जय नँदनंदन सुखधाम . . .)

मेरी प्रेम अगाधे राधे श्री राधे,
मेरी प्रेम अगाधे राधे श्री राधे।
तोहिं भूलूँ नहिं राधे पल छिन आधे,
मैं तो भूला मायावश तुम ना भूलो राधे।

COPYRIGHT
RADHA GOVIND SAMITI

मेरी प्यारी प्यारी बरसाने वारी राधे,
मेरी अति भोरी भारी सुकुमारी राधे।
मेरी श्री वृषभानुदुलारी राधे,
तोपै वारी वारी वारी बलिहारी राधे।

ऐसी मेरी बरसाने वारी प्यारी राधे,
जाके पाछे पाछे डोलें बनवारी राधे।
जब जब निकसत असवारी राधे,
बनवारी बोलें जय हो, जय हो प्यारी राधे।
भुक्ति माँगूँ नहिं मुक्ति नहिं माँगूँ राधे।
कृपा माँगूँ तू 'कृपालु' करु कृपा राधे।।

54

(जय नँदनंदन सुखधाम ....)

प्यारी प्यारी भोरी भारी नथवारी प्यारी,
जय हो जय हो जय हो जय हो बरसाने वारी।
वृषभानुदुलारी सुकुमारी प्यारी,
तोपै वारी वारी वारी महलन वारी।
तेरे पाछे पाछे डोले बनवारी प्यारी,
तेरी बलिहारी बलिहारी बलिहारी।
जब जब निकसत प्यारी असवारी,
पाछे चलि बोले बनवारी जय हो प्यारी।
जब सखिन पलोटति पग प्यारी,
लखि कर मींजत पिय बनवारी।

COPYRIGHT
RADHA GOVIND SAMITI

आगे चलें प्यारी पाछे-पाछे ब्रजनारी,
वाके पाछे चलि पिय बोलें जय हो प्यारी।
पिय को बुरा न कहो बुरा माने प्यारी,
सुना है 'कृपालु' दोउन भई यारी।।

55

(जय नँदनंदन सुखधाम हरे)
जय बरसाने वारी प्यारी,
जय ऊँचे महल अटावारी।
भोरी भारी वृषभानुदुलारी प्यारी,
जय हो जय हो जय हो बरसाने वारी प्यारी।
पिय को बुरा न कहो बुरा माने प्यारी,
दोऊ एक थे हैं रहेंगे भी पिय प्यारी।
जय नथबेसर वारी प्यारी,
COPYRIGHT
जय जय मादन ब्रजरसवारी।
RADHA GOVIND SAMITI
जय महाभाव रूपिणि प्यारी,
जय जाकर चाकर बनवारी।
जय प्रियतम पर वारी प्यारी,
जय प्रियतम प्यारी पर वारी।

जय पिय ते अति कृपालु प्यारी,
जय कछु 'कृपालु' हैं वनवारी।।

56

(नीको लागे . . .)

राधे राधे राधे प्रेम अगाधे।
तू ही तो हमारी बरसाने वारी राधे।
तू ही मेरी रस बरसाने वारी राधे।
आजा उर ऊँचे महल वारी राधे।
आजा उर प्यारी प्यारी भोरी भारी राधे।
कृपा करु कृपा करु कृपा करु राधे।
तू तो बिनु कारण कृपा करे राधे।
तेरी ही कृपा का है भरोसा भारी राधे।
भला हूँ बुरा हूँ जो हूँ तेरा ही हूँ राधे।
COPYRIGHT
ब्रह्म श्याम भी न पायो तेरा पार राधे।
RADHA GOVIND SAMITI
तेरी महिमा को तू भी जाने नहिं राधे।
तेरी कृपा ते ही कोई जाने माने राधे।
जग माँ भी शिशु को जनावे मैं माँ राधे।
तेरे बिनु मेरा जीना जीना नहिं राधे।

तेरे सिवा कहाँ जाऊँ कौन सुने राधे।
पतितन की तो इक तू ही सुने राधे।
तू ही तो 'कृपालु' गति मति रति राधे।
तेरी दासी दासी बनुँ यह साध राधे।।

57

(नीको लागे . . .)

राधे तोहिं भूलूँ नहिं कभू पल आधे।
मेरा सब कुछ तेरा दिया हुआ राधे।
तन ले ले मन ले ले धन ले ले राधे।
जनम जनम का भिखारी तोहिं का दे।
बरबस ले ले सब प्रेम सुधा दे।
भुक्ति मुक्ति माँगूँ नहिं प्रेम सुधा दे।
निज सेवा ना दे जो तो जन सेवा दे।
पिय सँग गलबाँही दै के दिखा दे।
ब्रजरस की इक बूँद पिला दे।
अधम उधारन विरद निभा दे।
तोहिं तजि जाऊँ कित नाम बता दे।

COPYRIGHT
RADHA GOVIND SAMITI

मुझ खोटे को खरों के सँग चला दे।
तू ही इक मेरी यह बोध करा दे।
छोड़ूँ नहिं पाछा चाहे चक्र चला दे।
तेरी दासी माया वाय डाटि भगा दे।
तोहिं दीन प्रिय मोहिं दीन बना दे।
अपने 'कृपालु' को भी प्रेम दिला दे॥

58

(नीको लागे . . .)

जय प्यारी प्यारी प्यारी जय कीर्तिकुमारी।
जय बरसाने वारी जय भानु दुलारी।
जय सुकुमारी प्यारी जय भोरी भारी प्यारी।
जय प्रानन प्यारी ऊँचे महलनवारी।
जय श्री वृषभानुदुलारी नथवारी।
सारा जग बनवारी छवि पर वारी।
प्यारी छवि पर वारी सोऊ बनवारी।
विधि हरि हर बोलें जय हो बनवारी।
बनवारी बोलें जय हो 'कृपालु' प्यारी।।

COPYRIGHT
RADHA GOVIND SAMITI

59

(नीको लागे . . .)

मेरी ठकुरानी महरानी राधे रानी।
मेरी राधे रानी प्रेम रूप रस खानी।
मेरी राधे रानी ब्रजरानी रसखानी।
मैं तो ठकुरानी राधेरानी की दिवानी।
मेरी तो है इक स्वामिनी राधे रानी।
गावो राधे रानी ध्यावो रूप राधे रानी।
रो के जो बुलावे भाजी आवें राधे रानी।
जाकी नौकरानी कोटि कमला भवानी।
जाको गुन गिनि नहिं सक कोटि बानी।
मेरी ऐसी राधे रानी अवढर दानी।
जासों प्रेम भिक्षा माँगें सारँगपानी।
गुरु ने जनाया अब मैंने यह जानी।
हैं कृपालु पै 'कृपालु' अति राधारानी।।

COPYRIGHT
RADHA GOVIND SAMITI

60

(नीको लाग . . .)

मेरी राधेरानी ब्रजरसखानी।
जाको कह ठाकुर वाऊ ठकुरानी।
कोटि कमला भवानी जाकी नौकरानी।
सब बोलो जय हो जय हो जय हो राधेरानी।
राधेरानी सम हैं 'कृपालु' राधेरानी।
सारा जग है भिखारी दाता राधेरानी।।

61

(मतवारी प्यारी . . .)

मेरी प्यारी प्यारी प्यारी मेरी बरसाने वारी।
मेरी प्यारी ऐसी प्यारी पाछे डोलें बनवारी।
जब गिरैं बनवारी लखि छवि प्यारी।
सब मिलि बोलो जय हो जय हो जय हो प्यारी।
मेरी प्यारी ऐसी प्यारी प्यारी जू भी वारी वारी।
मेरी प्यारी ऐसी प्यारी जैसी प्यारी बस प्यारी।
प्यारी महलन वारी जहँ पिय देयँ बुहारी।

COPYRIGHT
RADHA GOVIND SAMITI

जो भी प्यारी पर वारी वापै बनवारी वारी।
तुम भी भूलो नहिं पल छिन मो कहँ प्यारी।
मैं भी भूलूँ नहिं तुम कहँ भूलेहुँ प्यारी।
मेरी नथवारी लर मोतिन वारी।
रस बरसाने वारी बरसाने वारी।
मैं तो वारी वारी वारी बरसाने वारी।
प्यारी जू की प्यारी छवि एतिक प्यारी।
नीचे सिर करि देखैं डरि बनवारी।
मेरी भोरी भारी हैं 'कृपालु' अति प्यारी।।

62

(मतवारी प्यारी . . .)

बरसानेवारी ब्रजरस वारी प्यारी।
बरसानेवारी रस बरसाने वारी।
बरसानेवारी सिर चूनरि वारी।
बरसानेवारी नीलाम्बर वारी।
बरसानेवारी पर बनवारी वारी।
बरसानेवारी बेसर वारी प्यारी।

COPYRIGHT
RADHA GOVIND SAMITI

बरसानेवारी कनक महलवारी।
बरसानेवारी सम बरसाने वारी।
बरसानेवारी प्यारी पर प्यारी वारी।
बरसानेवारी प्यारी पर प्यारी वारी।
बरसाने वारी जय हो, जय हो, जय हो प्यारी।
बरसानेवारी पै 'कृपालु' बलिहारी।।

63

(मतवारी प्यारी . . .)

मेरी राधारानी राधारानी राधारानी।
मेरी ठकुरानी महरानी राधारानी।
जाकी कोटि कमला भवानी नौकरानी।
जाके पाछे डोले ब्रह्म सारंगपानी।
जेहि डर डरे थर थर चक्रपानी।
विहरति नित वृन्दावन रजधानी।
ठाकुरहुँ की ठकुरानी राधारानी।
महरानीहूँ की महरानी राधारानी।
जाकी वृंदावन रजधानी राधारानी।
अब तो हमारी सुधि लेहु राधारानी।

COPYRIGHT
RADHA GOVIND SAMITI

तेरी माया ने भुलाया मोहिं राधारानी।
तूने काहे को भुलाया मोहिं राधारानी।
तेरी कृपा ते ही बने तेरा राधारानी।
तेरा पाछा नहीं छोड़ूँ अब राधारानी।
जग हो कुपूत कुमाता न राधारानी।
मैं बुरा हूँ किन्तु तेरा ही हूँ राधारानी।
तेरे बिनु जीना जीना नहिं राधारानी।
आजा चोरी चोरी चुपके ते राधारानी।
इक बार तू है मेरा कहु राधारानी।
इक बार दिखा दे छवि राधारानी।
इक बार लगा ले उर राधारानी।
मैं तो तेरा था हूँ रहूँगा भी राधारानी।
अपनाओगी भरोसा यह राधारानी।
इक दिन आना होगा तोहिं राधारानी।
उर में है आजा बाहर राधारानी।
ना दरस दे तो रोना दे दे राधारानी।
तेरी रुचि महँ रुचि राखूँ राधारानी।
तेरी दासी दासी दासी बनुँ राधारानी।
जित देखूँ तित तू ही दीखे राधारानी।
तू तो सदा ते 'कृपालु' अति राधारानी।।

COPYRIGHT
RADHA GOVIND SAMITI

64

(मतवारी प्यारी . . .)

जय जय राधारानी राधारानी राधारानी।
जय जय वृन्दावन महरानी राधारानी।
जय जय सँग ब्रजभामिनि राधारानी।
जय जय विहरति वृन्दावन राधारानी।
जय जय ब्रजबनितनि धन राधारानी।
जय जय ब्रजवासिन धन राधारानी।
जय जय चुवे ब्रजरस तन राधारानी।
जय जय अवढरदानी राधारानी।
जय जय ब्रजरस खानी राधारानी।
जय जय प्रेम सुखदानी राधारानी।
जय जय आनन्दघन तन राधारानी।
जय जय दुतिदामिनि तन राधारानी।
जय जय चिन्मय ब्रजरानी राधारानी।
जय जय ब्रह्म रूप धन राधारानी।
जय जय प्राण प्राणधन राधारानी।
जय जय जीवन जीवन राधारानी।

COPYRIGHT
RADHA GOVIND SAMITI

जय जय निर्धन को धन राधारानी।
जय जय दीन जनन धन राधारानी।
जय जय पतित जनन धन राधारानी।
जय जय अग जग जननी राधारानी।
जय जय ठाकुर ठकुरानी राधारानी।
जय जय श्यामहुँ स्वामिनि राधारानी।
जय जय मादन स्वामिनि राधारानी।
जय जय प्रेमहुँ स्वामिनि राधारानी।
जय जय रूपहुँ स्वामिनि राधारानी।
जय जय गति गजगामिनि राधारानी।
जय जय छवि अभिरामिनि राधारानी।
जय जय छवि छवि मोहिनि राधारानी।
जय जय रति मन मोहिनि राधारानी।
जय जय निज जन मोहिनि राधारानी।
जय जय मोहन मोहिनि राधारानी।
जय जय निज मन मोहिनि राधारानी।
जय जय त्रिभुवन मोहिनि राधारानी।
जय 'कृपालुहुँ' मोहिनि राधारानी।।

COPYRIGHT
RADHA GOVIND SAMITI

65

(मतवारी प्यारी . . .)

जय जय श्री वृन्दावन ठकुरानी।
जय जय ब्रजरस की अवढर दानी।
जय जय श्यामहुँ जेहि स्वामिनि मानी।
जय जय जाकी हरि करे अगवानी।
जय जय जेहि डर डर सारँग पानी।
जय जय जेहि पग चापत चक्रपानी।
जय जय बातन रसयुत महरानी।
जय जय अगनित रमा नौकरानी।
जय जय त्रिभुवन दानिहुँ की दानी।
जय जय 'कृपालु' नेति वेद वानी।।

66

COPYRIGHT
RADHA GOVIND SAMITI

(मतवारी प्यारी . . .)

मेरी राधारानी प्रेमरूप रसखानी।
मेरी राधारानी तो हैं अवढरदानी।
जय हो जय हो जय हो राधारानी ठकुरानी।

राधारानी मेरी स्वामिनि अब जानी।
राधारानी ब्रजरानी ब्रजरसखानी।
राधारानी की दीवानी उमा रमा बानी।
मेरी राधारानी सी रँगीली राधारानी।
मेरी राधारानी सी छबीली राधारानी।
मेरी राधारानी सी रसीली राधारानी।
राधारानी छवि लखि मोहें राधारानी।
परब्रह्म करें राधारानी अगवानी।
ब्रह्म श्याम बोलें 'जय हो जय हो' राधारानी।
सर्वव्यापक रोता ढूँढे राधारानी।
आनँदघन रोये बिनु राधारानी।
कोटि कमला भवानी याय नौकरानी।
मेरी राधारानी सम मेरी राधारानी।
मेरी ठकुरानी महरानी राधारानी।
प्रेम के भिखारी हरि दाता राधारानी।
ब्रह्म करे राधारानी जू की अगवानी।
परमात्मा की आत्मा हैं राधारानी।
जग भजै हरि हरि भजें राधारानी।
जग ठाकुर चाकर राधारानी।

COPYRIGHT
RADHA GOVIND SAMITI

चलें हरि आगे सखि, आगे राधारानी।
राधारानी भृकुटिन डरें चक्रपानी।
हरि नीचे दृग करि देखे राधारानी।
जय हो जय हो जय हो जय हो जय हो राधारानी।
मेरी राधारानी सी 'कृपालु' राधारानी।।

67

(मतवारी प्यारी . . .)

मेरे ठाकुर गोविन्द ठकुरानी राधे।
उन बिनु मोहिं कल नहिं पल छिन आधे।
भुक्ति मुक्ति नहिं माँगूँ मोहिं प्रेम सुधा दे।
यह जनम जनम का भिखारी तोहिं का दे।
कहा घटि जाय तोरा टुक झलक दिखा दे।
नहिं छोड़ूँ पाछा तोरा चाहे चक्र चला दे।
रो रो माँगा करुँ प्रेम तू दे चाहे, चाहे ना दे।
कृपा करु या 'कृपालु' निज नाम हटा दे।।

COPYRIGHT
RADHA GOVIND SAMITI

68

(मतवारी प्यारी . . .)

मेरे ठाकुर गोविन्द ठकुरानी राधे।
मेरे ठाकुर नीले नीले गोरी गोरी राधे।
मेरे ठाकुर नटखट भोरी भारी राधे।
मेरे ठाकुर ग्वारिया महरानी राधे।
मेरे ठाकुर चाकर स्वामिनि राधे।
मेरे ठाकुर याचक दाता मेरी राधे।
मेरे ठाकुर ऋणिया साहूकार राधे।
मेरे ठाकुर मुरछित होयँ लखि राधे।
मेरे ठाकुर प्राण सम प्राण प्यारी, राधे।
मेरे ठाकुर न्यायाधीश हैं 'कृपालु' राधे।।

69

COPYRIGHT
RADHA GOVIND SAMITI

(मतवारी प्यारी . . .)

श्यामा श्याम श्यामा श्याम श्यामा श्याम श्यामा श्याम।
दोउ कोटि कोटि काम अभिराम सुखधाम।
श्यामा भजें श्याम श्याम, श्यामा श्यामा भजें श्याम।

कभू श्यामा बनें श्याम, कभू श्यामा बनें श्याम।
श्यामा पियें रस श्याम, श्यामा रस पियें श्याम।
धनि धनि सखि जन, पियें रस श्यामा श्याम।
जीतें कृपा में 'कृपालु' श्यामा, हारें नित श्याम॥

70

(मतवारी प्यारी . . .)

राधारानी जू को चाकर चक्रपानी।
जाकी कोटि भवानी वानी नौकरानी।
तू तो मेरी थी है रहेगी भी राधारानी।
मैं हूँ राधारानी जू की मेरी राधारानी।
तजो आनाकानी अपना लो राधारानी।
मैं तो हो गई हो गई राधारानी की दीवानी।
हो 'कृपालु' मो कृपालु पर राधारानी।।

COPYRIGHT
RADHA GOVIND SAMITI

मेरे युगल किशोर, मेरे युगल किशोर।
मेरे युगल किशोर, गोपीजन चितचोर।
मेरे युगल किशोर, करु मोपै कृपा कोर।

मेरे युगल किशोर, दोऊ ठाकुर मोर।
मेरे युगल किशोर, तू भी मोर मैं भी तोर।
मेरे युगल किशोर, मोहिं ब्रज रस बोर।
मेरे युगल किशोर, एक श्याम इक गौर।

71

(मतवारी प्यारी चाल)

मैं तो वारी जाऊँ बरसाने वारी प्यारी।
जय हो जय हो ब्रज रस बरसाने वारी।
प्यारी जू के पाछे पाछे डोलें बनवारी।
प्यारी पाछे ब्रजनारी पाछे बनवारी।
पायो रास रस प्रियतम कृपा प्यारी।
गिरिधर धर सिर चरनन प्यारी।
सब मिलि बोलो जय हो जय हो सुकुमारी।
गावो नाम ध्यावो रूप तू 'कृपालु' प्यारी।।

COPYRIGHT
RADHA GOVIND SAMITI

72

(मतवारी प्यारी चाल)

प्यारी प्यारी भोरी भारी बरसाने वारी प्यारी।
तोपै वारी वारी ब्रज रस बरसाने वारी।
मोको चाहे अपनाये चाहे ठुकराये प्यारी।
तेरा पाछा नहिं छोड़ूँ मैं हठिला शिशु प्यारी।
तेरे सारे शिशु गुन वारे खरे खरे प्यारी।
उन खरों संग मुझ खोटे को चला दे प्यारी।
मोहिं सारा जग झूठेहिं 'कृपालु' कह प्यारी।
मेरे इस झूठे नाम को बना दे साँचु प्यारी।।

73

(श्री गोविन्द गोविन्द बोल . . .)

COPYRIGHT
RADHA GOVIND SAMITI

मैं तो प्यारी प्यारी प्यारी पर वारी वारी जाऊँ,
मैं तो बरसाने वारी पर वारी वारी जाऊँ।
मैं तो भानुदुलारी पर वारी वारी जाऊँ,
मैं तो ब्रजरसवारी पर वारी वारी जाऊँ।

मैं तो महलन वारी पर वारी वारी जाऊँ,
जापै बनवारी वारी वापै वारी वारी जाऊँ।
मैं तो वारी नथवारी पर वारी वारी जाऊँ,
मैं तो बेसरवारी पर वारी वारी जाऊँ।
मैं तो भोरे मुखवारी पर वारी वारी जाऊँ,
मैं तो चूनरि वारी पर वारी वारी जाऊँ।
मैं तो भोरी भारी प्यारी पर वारी वारी जाऊँ,
मैं तो अति सुकुमारी पर वारी वारी जाऊँ।
मैं तो घूँघटवारी पर वारी वारी जाऊँ,
मैं तो री 'कृपालु' प्यारी पर वारी वारी जाऊँ।।

74

(मैं तो प्यारी प्यारी प्यारी पर वारी वारी जाऊँ)

COPYRIGHT
RADHA GOVIND SAMITI

मैं तो वारी बनवारी पर, वारी वारी वारी।
बनवारी मेरी प्यारी पर, वारी वारी वारी।।
मेरी प्यारी पर जो भी जाय वारी वारी वारी।
वा पै वारी बनवारी जाय वारी वारी वारी।।

जो भी मेरी प्यारी जू पै जाये वारी वारी वारी।
